हादसा | सुरक्षा इंतजाम न होने से हो रहे हादसे, परिजनों का हंगामा

# होली खेलने के बाद बरगी डैम गया युवक डूबा



**नवभारत, जबलपुर।** होली खेलने के बाद बरगी डैम में दोस्तों के साथ नहाने गया युवक डूब गया। हादसे के बाद पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा किया उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। इसके बाद गुरूवार को एसडीआरएफ की टीम ने गोताखोरों की मदद से गहरे पानी में सर्च ऑपरेशन चलाया। देर शाम तक सुराग नहीं लगा। अंधेरा हो जाने से रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया। आज पुन: युवक की तलाश में सर्चिंग होगी।

पुलिस के मुताबिक रोशन कोईराला 23 वर्ष निवासी बरगी नगर ने बताया कि वह जानसन स्कूल बरगी नगर मे शिक्षक है। शैलेष नेमा 24 वर्ष निवासी बरगी नगर उसका दोस्त है। बुधवार को वह एवं सागर साहू और शैलेष नेमा तीनों लोग होली खेलने के बाद जीरों टंकी पिचिंग एरिया बरगी डेम पर नहाने गये थे उसे और सागर को तैरना नही आता इसलिये हम दोनों किनारे पर बैठकर नहा रहे थे दोस्त शैलेष नेमा नहाते नहाते पिंचग एरिया के काफी दूर चला गया डूबते समय वह बचाओ बचाओ की आवाज दिया तब थोडी दूर पर नहा रहे एक लडका आया वह पानी के अंदर जाकर शैलेष को बचाने की कोशिश किया लेकिन बाहर नहीं निकाल पाया। शैलेष के घर वालों को सूचना दिये आस पास के काफी लोग आ गये उन्होने सब तलाश किये लेकिन पता नही चल सका है। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। लेकिन अंधेरा होने से रेस्क्यू होना संभव नहीं था जिसके चलते परिजन आक्रोशित हो गए पुलिस ने उन्हें बताया कि पानी गहरा है लेकिन वे रेस्क्यू कराने पर अड़े थे और गोताखोर मुहैया न कराने पर स्वयं तलाश करने की बात कहने लगे थे। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने का भी आरोप लगाया आक्रोशित परिजनों ने नारेबाजी शुरू कर दी। धरने पर बैठ गए। आक्रोशित लोगों ने कहा कि आए दिन होने वाले हादसों को रोकने कोई विशेष इंतजाम नहीं किए गए। हर साल यहाँ डूबने से मौतें होती हैं, सुरक्षा के नाम पर यहाँ भारी लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा युवाओं को अपनी जान देकर भुगतना पड़ रहा है। स्थिति को बिगड़ता देख सीएसपी अंजुल मिश्रा और थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने मौके पर मोर्चा संभाला और परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। गुरुवार को रेस्क्यू ऑपरेशन चला।

सुबह से ही एसडीआरएफ की टीम मोटर बोट और गोताखोरों की मदद से गहरे पानी में रेस्क्यू देर शाम तक चला लेकिन सुराग नहीं लगा। इस घटना के बाद से पूरे परिवार मे शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा है कि हंसी खुशी घर से निकला उनका बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा।

### तालाब में डूबने से किशोर की मौत

सिहोरा थाना अंतर्गत पोंडा गांव में होली खेलने के बाद दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया 15 वर्षीय किशोर वेद राय गहरे पानी में समा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार को पोंडा निवासी वेद राय अपने साथियों के साथ रंग-गुलाल खेलने के बाद पास के ही तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी की ओर चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद दोस्तों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके और वेद पानी में लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंचे। बुधवार देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन अंधेरा होने के कारण सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह दोबारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, जिसके कुछ देर बाद गोताखोरों ने तालाब से वेद का शव बरामद कर लिया।

### कुएं में डूबा युवक, मौत

घमापुर थाना अंतर्गत शिव मंदिर के पास गुरूवार को कुएं में डूबने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गुरूवार शाम शिवनारायण कुशवाहा 38 वर्ष निवासी बड़ी संतोषी माता मंदिर के पास ने सूचना दी कि उसका चचेरा भाई रत्नेश कुशवाहा 20 वर्ष शिव मंदिर के पास मच्छू होटल के पीछे गली में बने कुएं के पानी में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई।

# कर्मचारी कार्य करने इच्छुक है तो नहीं लागू होगा 'नो वर्क नो पे' का सिद्धांत

**हाईकोर्ट ने दिये बैंक वेज सहित अन्य लाभ प्रदान करने के आदेश**

**जबलपुर।** हाईकोर्ट जस्टिस विवेक रूसिया तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने अपने अहम आदेश में कहा है कि कर्मचारी कार्य करने के इच्छुक है तो ऐसी स्थिति में नो वर्क नो पे का सिद्धांत लागू नहीं होता है। युगलपीठ ने उक्त आदेश के साथ एकलपीठ के आदेश को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ताओं को बैंक वेज सहित सेवा संबंधित अन्य लाभ प्रदान करने के आदेश जारी किये हे।

रीवा निवासी फारेस्ट गार्ड राजेश कुमार पांडे सहित अन्य की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि वन विभाग में साल 1980 में उनकी नियुक्ति दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के पद पर हुई थी। उन्होने 20 साल से अधिक सेवा की थी। सर्वोच्च न्यायालीय के आदेष पर प्रदेष सरकार ने उपयुक्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो को फॉरेस्ट गार्ड पर स्थाई रूप से नियुक्ति करने का फैसला लिया था। चीफ कंजर्वेटर ऑफ़ फॉरेस्ट ने सितम्बर.2008 को फॉरेस्ट गार्ड के 1500 खाली पदों को नोटिफाई किया गया था। जिनमें से 1006 पद ज़रूरी योग्यता पूरी करने के बाद भरे जाने थे।

अपीलकर्ताओं ने नोटिफिकेशन के अनुसार आवेदन किया था और लिखित परीक्षा, इंटरव्यू और फिजिकल टेस्ट में सफल रहे। अपीलकर्ताओ को वेरिफिकेशन के लिए अपने टेस्टिमोनियल जमा करने का निर्देश देने के बावजूद नियुक्ति आदेष जारी नहीं किये गये। अपीलकर्ताओं को अगस्त 2010 में नियुक्ति पत्र जारी किए गए और फिजिकली और मेडिकली फिट घोषित होने के बाद उन्होंने ड्यूटी जॉइन कर ली। एक माह बाद उन्हें सितम्बर .2010 में उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी। जिसके खिलाफ उन्होने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने जुलाई 2011 में आदेश जारी किये थे कि नियुक्ति के लिए जिला स्तर मेरिट लिस्ट जारी करना गलत थी। हाईकोर्ट ने स्टेट वाइज मेरिट लिस्ट बनाने और याचिकाकर्ताओं को मेरिट के हिसाब से नियुक्ति देने का निर्देश जारी किये थे। जिसके बाद युगलपीठ ने भी उक्त आदेश को बरकरार रखा था। राज्य सरकार के द्वारा एसएलपी को सर्वोच्च न्यायालय ने अगस्त 2015 को खारिज कर दिया था।

न्यायिक आदेश का पालन करते हुए राज्य सरकार ने स्टेट वाइज मेरिट लिस्ट लिस्ट तैयार की और अपीलकर्ताओ को जनवरी .2017 में प्रोबेशन पर फॉरेस्ट गार्ड के तौर पर नियुक्ति प्रदान की थी। उनसे कनिष्ठ और कम मेरिट वाले उम्मीदवारों को साल 2008 में ही नियुक्ति प्रदान कर दी गयी थी। अपीलकर्ताओं ने वरिष्ठता और बकाया वेतन देने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। हाईकोर्ट ने अक्टूबर 2017 को याचिका का निराकरण करते हुए अपने आदेश में कहा था कि अपीलकर्ता को साल 2008 में कम काबिल उम्मीदवारों की नियुक्ति की तारीख से वरिष्ठता प्रदान की जाये। हाईकोर्ट ने सैलरी का एरियर देने से इंकार कर दिया था। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। एकलपीठ ने नवंबर 2023 में उक्त याचिका को खारिज कर दिया था। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा था कि अपीलकर्ताओ की नियुक्ति साल 2008 में नियुक्ति नहीं हुई थी।

# दो पक्षों में टकराव, पथराव, गोली चलने का हल्ला



**नवभारत, जबलपुर।** शहर के संवेदनशील माने जाने वाले बेलबाग थाना अंतर्गत छोटी ओमती में होली के उल्लास के बीच अचानक दो पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके बाद विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से जमकर पथराव शुरू हो गया। उपद्रवियों ने एक-दूसरे पर पत्थर बरसाए, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गोली चलने का भी हल्ला है हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस ने नहीं की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। टकराव के बाद क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया था पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक शुभम सोनकर 30 वर्ष, निवासी बेलबाग ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि बुधवार रात्रि में वह अपने भाई आयुष के साथ छोटी ओमती कदम तलैया, लक्ष्मी चिकन शॉप के सामने खड़ा था, तब आरोपी अप्पा और अंशुल ने उनसे शराब के लिए 1000 रुपये मांगे , रूपये देने से मना करने पर दोनों ने मारपीट कर दी एवं अप्पा ने आयुष पर पत्थर से हमला किया, जिससे चेहरे पर चोट आई और खून निकलने लगा, दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। सूत्रों के मुताबिक दोनों पक्षों में जमकर टकराव हुआ था इस दौरान पथराव के साथ गोली चलने की भी चर्चा रही। हालांकि पुलिस गोली चलने की बात पर जांच की बात कह रही है । पुलिस का कहना है कि प्रकरण दर्ज किया गया है सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाला जा रहा है। विस्तृत जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा कि गोली चली है या नहीं। अगर फायरिंग हुई है तो किसने की इसका पता लगाया जायेगा। ऐसा कुछ पाया जाता है तो प्रकरण में फायरिंग की धाराएं बढ़ा दी जायेगी।

निगमायुक्त ने बैंकों को जारी किया पत्र

# बकायादारों के बैंक खाते होंगे सीज



**जबलपुर।** नगर निगम ने संपत्ति कर के बड़े बकायादारों के खिलाफ अब तक की सबसे कड़ी कार्यवाही शुरू कर दी है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शहर के समस्त बैंकों के रीजनल मैनेजर्स को एक औपचारिक पत्र जारी कर बड़े बकायादारों के बैंक खातों की विस्तृत जानकारी मांगी है। निगम का उद्देश्य इन खातों को सीज कर सीधे बकाया राशि की वसूली करना है।

निगमायुक्त ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि यह कार्यवाही मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की विभिन्न धाराओं के तहत जारी की जा रही है जिसमें धारा 173, 174, 175 एवं 178 के अंतर्गत करों की वसूली के लिए वैधानिक प्रक्रिया और कुर्की का प्रावधान है। इसके तहत बकाया देयों की वसूली के लिए बैंक खातों को ज्चल संपत्ति की श्रेणी में माना गया है। पत्र में सर्वोच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण फैसलों का हवाला दिया गया है, जिनमें बैंक में जमा धनराशि को चल संपत्ति माना गया है। इसी आधार पर उच्च न्यायालयों ने भी बैंक खातों से वसूली को विधि सम्मत ठहराया है।

### बैंकों से मांगी गई जानकारी

नगर निगम ने बैंकों को उन बकायादारों की सूची प्रेषित की है जिनके ऊपर भारी टैक्स बकाया है। बैंकों से अपेक्षा की गई है कि वे इन व्यक्तियों, संस्थाओं के चालूएवं बचत खातों का विवरण। खाताधारक का पूर्ण नाम एवं पता यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं ताकि निगम अपनी वसूली प्रक्रिया को आगे बढ़ा सके।

### बार-बार नोटिस, टैक्स जमा नहीं

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि नगर निगम को शहर के लाखों करदाताओं से करोड़ों रुपये की वसूली करनी है। कई बड़े बकायादार बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। वर्तमान में निगम का खजाना रिक्त होने और विकास कार्यों की गति बनाए रखने के लिए राजस्व वसूली अनिवार्य हो गई है। निगम ने कई संपत्तियों की कुर्की और तालाबंदी की कार्रवाई भी की है, लेकिन अब सीधे बैंक खातों पर प्रहार कर वसूली को सुनिश्चित किया जा रहा है।

# मास्टरमाइंड ने कई शहरों में फैलाया था ठगी का मकडज़ाल

**करोड़ों की धोखाधड़ी मामले में फरार आधा दर्जन आरोपित ठिकानों पर छापेमारी**

**नवभारत, जबलपुर।** मुनाफे का लालच देकर करोड़ों की ठगी करने वाले मास्टरमाइंड ने कई शहरों में ठगी का मकडज़ाल फैलाया था।

जबलपुर के अलावा छिंदवाड़ा, लखनादौन, कहानी, धनौरा समेत अन्य शहरों में नीलाम गोल्ड खरीद कर सराफा के बडे व्यापारियों को ऊँचे दामों में बेचकर मोटी कमाई का लालच देकर करोड़ों रूपए ऐंठने वाले मुख्य आरोपित समेत आधा दर्जन के खिलाफ माढ़ोताल पुलिस एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है । जालसाजों की गिरफ्तारी के प्रयास में उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है लेकिन अब आरोपित पुलिस गिरफ्त से दूर है। उनके घरों पर ताले लटके हुए है ।

जानकारी के मुताबिक मुख्य आरोपी अमित जैन पहले छिंदवाडा में रहता था इ सके बाद जबलपुर शिफ्ट हो गया था। शहर में वे ऋषि नगर करमेता वार्ड नं. 76 लमती में रहने लगा । अमित इनकम टैक्स रिटर्न एवं जीएसटी आदि का काम करता था इसी दौरान अमित जैन ने बीते कई वर्षों में कई लोगों को लुभावने प्रलोभन व झांसे में लेकर रिटर्न के काम के अलावा सरकारी, प्राईवेट बैंक व मूथूट गोल्ड फाईनेन्स कंपनी से जो गोल्ड ज्वैलरी गिरवी रखने का काम करती है इसमें ग्राहकों द्वारा गिरवी रखे गये गोल्ड ज्वैलरी न उठाने पर उसे कम में नीलामी में लेकर अधिक ट्च में बैचकर अधिक मुनाफा कमाने प्रलोभन दिया। ठगी का शिकार हुए कई पीड़ित माढ़ोताल थाने पहुंची। लंबी जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने 27 फरवरी को एफआईआर दर्ज कर ली थी लेकिन आरोपित अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर है । जांच में यह बात सामने आई कि आरोपित ने जबलपुर, लखनादौन, कहानी, धनौरा, छिंदवाड़ा निवासी लोगों के साथ भी जालसाजी की है। करोड़ों की ठगी में अमित के अलावा उसके पिता देवेन्द्र जैन, मां मीरा जैन, भतीजा सागर जैन, पत्नी नीता जैन, कर्मचारी अनुराग जैन, के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है । इसके बाद से आरोपित फरार हो गए है घरों पर ताला लटका हुआ है । पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### ये पीड़ित आ चुके हैं सामने

ठगी का शिकार हुए कई पीड़ित सामने आ चुके है। जिसमें से प्रगति जैन ने 49,91, 750 रूपए, अवधेश मिश्रा ने 60 लाख , माया बाई यादव 55 लाख, आलोक जैन ने 2 करोड 36 लाख, अवनीश कुमार दुबे ने 1 करोड 60 लाख, रितिक यादव 60 लाख, शनि जैन 25 लाख, विनीत कुमार जैन 10 लाख, डा नीलेश कुमार जैन 1 करोड 80 लाख, श्रीमति संगीता जैन 1 करोड 30 लाख अपने बैंक खातों के माध्यम से अमित जैन एवं अमित जैन के कहने पर अमित के पिता देवेन्द्र जैन, माता मीरा बाई जैन पत्नि नीता जैन, भतीजा सागर जैन एवं कर्मचारी अनुराग जैन के बैंक खातों में ट्रांसफर किए थे। अमित जैन के पास कुल 9 करोड 65 लाख 91 हजार 750 रूपए की राशी निवेश की गई गई थी।

# मोड़ पर बहकी बाइक, रात भर झाड़ियों में दबा रहा शव

**नवभारत, जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत खुलरी-डुडवारा रोड पर पहाड़ी के पास तीखे मोड़ पर मोटर साइकिल अनियंत्रित होने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का शव पूरी रात सड़क किनारे झाड़ियों में उसकी मोटर साइकिल के नीचे दबा रहा, जिसकी जानकारी गुरूवार सुबह पुलिस को मिली। जानकारी के अनुसार ग्राम बरखेड़ा थाना चरगवां निवासी संजय भूमिया (40) मजदूरी करता था। बुधवार 4 मार्च की दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 जेडीबी 6562 पर सवार होकर बरखेड़ा से डुडवारा अपने चाचा के लड़के से मिलने जा रहा था। इसी दौरान खुलरी और डुडवारा के बीच पहाड़ी वाले मोड़ पर उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई।

### बाइक के नीचे दबने से तोड़ा दम

हादसा इतना अचानक था कि संजय संभल नहीं पाया और बाइक सहित झाड़ियों में जा गिरा। भारी-भरकम मोटर साइकिल उसके ऊपर ही पलट गई, जिससे वह उसके नीचे दब गया। सुनसान इलाका और झाड़ियां होने के कारण राहगीरों की नजर उस पर नहीं पड़ी। गंभीर चोटें आने और समय पर सहायता न मिलने के कारण संजय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### घर से निकला, वापिस नहीं लौटा

गुरूवार को घटना की सूचना मिलने पर तिलवारा पुलिस और मृतक के भाई मंजू भूमिया मौके पर पहुंचे। भाई ने बताया कि संजय कल से घर नहीं लौटा था, जिसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस ने हाईटेंशन लाइन के पास से शव को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई की। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक जांच में दुर्घटना का कारण तेज मोड़ पर संतुलन खोना माना जा रहा है। मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# चार ने की खुदकुशी, मातम में बदलीं पर्व की खुशियां



**नवभारत, जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में चार अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चार लोगों ने खुदकुशी कर जीवन लीला समाप्त कर ली। जिससे होली पर्व की खुशियां मातम में बदल गई। कुण्डम, गढ़ा, पाटन थाना क्षेत्र में तीन युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली तो हनुमानताल में एक बुजुर्ग ने जहर खाकर जान दे दी। जिसके चलते मृतकों के परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने चारों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

गढ़ा पुलिस ने बताया कि श्रीमति हेमलता कोरी 55 वर्ष निवासी छोटा जैन मंदिर के पीछे गढ़ा बजार ने सूचना दी कि उसके पति की वर्ष 2006 में मौत हो गयी थी, उसका बेटा अमित कोरी 30 वर्ष ने शराब के नशे में बाथरूम के पास वाले कमरे में छत की हुक से दुपट्टा बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या की है। इसी प्रकार कुण्डम पुलिस ने बताया कि भनपुरा कुण्डम निवासी दीपक पूसाम 18 वर्ष खेती का काम कराता था। मंगलवार की रात लगभग 9-30 बजे घर से गुस्सा होकर निकला था जिसकी तलाश परिजनों ने रात में की पता नहीं चला । बुधवार सुबह दीपक पूसाम हजारी के खेत में लगे महुआ के पेड़ की ढाल से फांसी पर लटका मिला। इसी तरह हनुमाताल थाना अंतर्गत भानतलैया में रहने वाले रामगोपाल सोनकर 55 वर्ष ने अज्ञात जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। जिसे विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसे विक्टोरिया से रिफर करने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के रामगोपाल सोनकर की मौत हो गयी। वहीं पाटन चौकी नुनसर स्थित बिनेकी में कृष्ण दीक्षित की खेत की मेढ़ पर लगे बबूल के पेड़ की डाली में लोकेश सुरावत 19 वर्ष निवासी ग्राम कोथला मिसरोली जिला झालावाड़ राजस्थान ने रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। मृतक प्लास्टिक की कुर्सी बेचने का धंधा करने जबलपुर आया था। फेरी लगाकर गांव गांव जाकर कुर्सी बेचता था।

# 3106 विद्यार्थियों ने दी भूगोल की परीक्षा



**नवभारत, जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में बारहवीं कक्षा का गुरुवार को भूगोल विषय का पेपर आयोजित हुआ। यह पेपर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में मिलाकर 64 केंद्रों में हुआ। जिसमें 3221 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होने वाले थे,लेकिन 3106 विद्यार्थियों ने ही की परीक्षा दी है। जबकि 115 विद्यार्थी इस परीक्षा में अनुपस्थित थे। इस परीक्षा में कोई भी नकल प्रकरण सामने नहीं आया है। परीक्षा की सुबह से ही उड़न दस्ता की टीम ने विभिन्न केंद्रों में पहुंचकर चल रही परीक्षा का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया।

### दसवीं कक्षा का आखिरी पेपर आज

10 फरवरी से शुरू हुई माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में दसवीं कक्षा का आज अंतिम पेपर है। जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार को दसवीं कक्षा में हिंदी विषय का पेपर है। यह पेपर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए 100 केंद्रों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें करीब 23 हजार 938 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, इसके साथ ही फ्लाइंग स्क्वाड की टीम द्वारा सभी केंद्रों पर निरीक्षण कर नकल करने वालों पर नजर रखी जाएगी।

### बारहवीं में उर्दू-मराठी का पेपर

जिले में चल रही बोर्ड परीक्षाओं के अंतर्गत बारहवीं कक्षा में भी शुक्रवार को उर्दू एवं मराठी विषय का पेपर आयोजित किया जाएगा। बारहवीं में इन दोनों ही विषय लेने वाले परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षाएं देंगे। जिनकी संख्या भी विद्यार्थियों के विषय लेने वालों के अनुसार ही होगी। इस परीक्षा की भी जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है।







### मदन महल किला घूमने गए छात्र से लूट

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में मदन महल किला किला घूमने आए एक छात्र से मोबाइल लूट लिया गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले के ग्राम जामुनटोला थाना बिछुआ निवासी 22 वर्षीय प्रवीण करवेती का वर्तमान में इंदौर में पढ़ाई करता है, एक कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर आया था। प्रवीण सिविल लाइन स्थित छात्रावास में आयोजित छात्रावास दिवस कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचा था और वहीं रुका हुआ था। पीड़ित प्रवीण ने बताया कि जब वह अपने दोस्त विद्या परते के साथ आटो से मदन महल किला देखने गया था। किला घूमकर वापस लौटते समय प्रवीण के हाथ में दो मोबाइल फोन थे। इसी दौरान एक अज्ञात लड़का अचानक आया और झपट्टा मारकर प्रवीण के हाथ से दोनों मोबाइल छीनकर भाग निकला। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने थाना गढ़ा पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57